श्री अग्रसेन कन्या पी.जी. कालेज, वाराणसी
हिन्दी वोकेशनल
प्रयोजनमूलक हिन्दी एवं सर्जनात्मक लेखन

1. इस प्रश्न पत्र में प्रयोजनमूलक हिन्दी की विभिन्न प्रयुक्तियां, जनसंचार माध्यम और सर्जनात्मक लेखन से छात्र अवगत हो सकेंगे। पारिभाषिक शब्दावली से परिचित हो सकेंगे और वाणिज्य एवं व्यवसायपरक हिन्दी को समझ सकेंगे।

2. इस प्रश्न पत्र के माध्यम से छात्र जनसंचार के माध्यमों एवं लेखन से अवगत हो सकेंगे। मुद्रण माध्यम (प्रिंट मीडिया) से परिचित हो सकेंगे तथा श्रव्य दृश्य माध्यमों को संपूर्णता से समझ सकेंगे साथ ही उन क्षेत्रों में व्याप्त व्यवसाय के अवसर से अवगत हो सकेंगे।

3. छात्र सर्जनात्मक लेखन के विविध आयामों से परिचित होकर कविता, कहानी, नाटक एवं डायरी आदि साहित्यिक विधाओं में लेखन को स्वयं के व्यवहार में उतार कर अपना बौद्धिक विकास कर सकेंगे। जो कि उनके साहित्यिक लेखन से सम्बंधित रोजगार के अवसरों में सहायक होगा।

4. छात्र सर्जनात्मक लेखन के विविध विधाओं का रूपांतरण अन्य माध्यमों में करना सीख सकेंगे जैसे - कहानी का नाट्य रूपांतरण रेडियो नाटक, आदि जिससे उनमें रचनात्मक कौशल का विकास संभव होगा। साथ ही फीचर लेखन तथा नए एवं अप्रत्याशित सभी विषयों पर लेखन प्रक्रिया को समझ कर पत्रकारिता एवं तकनीकी क्षेत्रों में अपने कौशल का उचित प्रयोग कर सकेंगे।